# अध्यक्षीय संबोधन : 36वीं वार्षिक आम सभा

**प्रिय शेयरधारकों,**

**देवियों और सज्जनों !**

आप सभी को नमस्कार ।

आप सभी के साथ फिर से जुड़ने की खुशी है, हालांकि इस बार हम वर्चुअल रूप से मिल रहे हैं। आज हमसे जुड़ने के लिए समय निकालने हेतु गेल के निदेशक मंडल की ओर से मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 एक और उल्लेखनीय वर्ष रहा । तेल और गैस की कम कीमतों, कोविड-19 वैश्विक महामारी, सीमित वृद्धि और कम पेट्रोकेमिकल मार्जिन जैसी कई चुनौतियों के बावजूद, आपकी कंपनी ने संयम के साथ कई मोर्चों पर अविश्वसनीय परिणाम दिए हैं। आपकी कंपनी ने अब तक के इतिहास में सबसे अधिक लाभ प्राप्त करके नई ऊंचाइयों को फिर से प्राप्त किया है । यह उपलब्धि आपके निरंतर समर्थन और आत्मविश्वास से संभव हुई है। अधिकांश क्षेत्रों में हमारा भौतिक प्रदर्शन सकारात्मक बना रहा जिसमें प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का निर्माण , देश के विभिन्न हिस्सों में नए गैस बाजारों का विस्तार, नए गैस बाजारों का विकास, पेट्रोकेमिकल उत्पादन सहित नए पेट्रोकेमिकल ग्रेड आदि शामिल हैं।

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों सहित वार्षिक रिपोर्ट पहले ही आपको परिचालित की जा चुकी है और आपकी अनुमति से मैं मानता हूं कि उसे पढ़ ली गई है।

**पिछले वर्ष  का पुनरावलोकन**

पिछला वित्तीय वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था और वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र दोनों के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा। वैश्विक अर्थव्यवस्था ने बढ़ते टैरिफ, बढ़ते व्यापार तनाव और नीतिगत अनिश्चितता के मद्देनजर नरमी के संकेत दिए हैं। कोविड-19 ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है क्योंकि इसके परिणामस्वरूप दुनिया भर में जबरदस्त आर्थिक संकट पैदा हो गया है।  पहले से ही कमजोर आर्थिक विकास के कारण वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा की खपत महामारी के संकट चलते  और कमजोर हो गयी है। न्यूक्लियर को छोड़कर, अन्य सभी प्राथमिक ईंधनों में पिछले वित्तीय वर्ष में गिरावट आई है। कोयला का हिस्सा, जो वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख हिस्सा है, 27% कम हुआ है तथा यह पिछले 16 वर्षों में सबसे कम है। वैश्विक महामारी और कोरोनावायरस द्वारा मांग में उल्लेखनीय कमी के कारण क्रूड की कीमत में काफी गिरावट आई  है।  इसके अतिकरक्त इसके स्थायी होने की आशंका है। वैश्विक ऊर्जा प्रणाली के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और प्राकृतिक गैस और अधिक संभाव्य विकल्प के रूप में उभरे हैं। पिछले वर्ष में समग्र वैश्विक ऊर्जा विकास का तीन चौथाई  भाग प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा से आया है क्योंकि दोनों ईंधनों ने सतत विकल्प के रूप में पॉवर क्षेत्र में कोयला को धीरे-धीरे विस्थापित करना शुरू कर दिया है। परिणामस्वरूप, 2019 में कार्बन उत्सर्जन में कम वृद्धि हुई है जबकि गत वर्ष यह वृद्धि अधिक थी।

भारत कुछ आशावादी ऊर्जा बाजारों में से एक है। भारत की ऊर्जा खपत लगभग 2.3% बढ़ी जबकि गैस की खपत 2.7% की उच्च दर से बढ़ी। एलएनजी की खपत प्राकृतिक गैस क्षेत्र के लिए उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं का संकेत देते हुए उच्च दर पर भी बढ़ी। लेकिन पिछले वर्ष कार्बन उत्सर्जन के वैश्विक मंदी की तुलना में भारत में कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि हुई है। हमारे देश ने वर्ष 2019 में विश्व प्राथमिक ऊर्जा का केवल 5.8% खपत हुई, जबकि  वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में  7.3% से अधिक का योगदान दिया, जो कम स्वच्छ ऊर्जा मिश्रण का संकेत देता है। ऐसे समय में जब पर्यावरणीय मुद्दे और प्रदूषण चिंताओं के केंद्र में हैं, शीघ्र कार्रवाई अपेक्षित है। विश्व के  शेष भागों में मुख्य ऊर्जा स्रोत के रूप से अक्षय ऊर्जा और प्राकृतिक गैस

को तेजी से अपनाया जा रहा है और आपकी कंपनी भारत की ऊर्जा मिश्रण को स्वच्छ स्रोतों में विस्थापित करने के लिए पॉवर और औद्योगिक क्षेत्र में प्राकृतिक गैस के उपयोग का समर्थन कर रही है।

**समग्र कार्यनिष्पादन**

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान आपकी कंपनी ने धीमे आर्थिक विकास के साथ परिवर्तनशील मैक्रो वातावरण के बावजूद सभी क्षेत्रों में सुदृढ़ कार्यनिष्पादन का प्रदर्शन किया है। आपकी कंपनी ने कर पश्चात (पीएटी) रू. 6,621 करोड़ का अधिकतम लाभ दर्ज करते हुए पिछले वित्त वर्ष में रू. 6,026 करोड़ से 10% की वृद्धि दर्ज की है। पीएटी में वृद्धि को देखते हुए, ईपीएस 31 मार्च, 2019 की 13.36 रू.प्रति शेयर से बढ़कर 31 मार्च, 2020 को 14.68 रू. प्रति शेयर हो गया है।

आपको यह जानकर भी खुशी होगी कि आपकी कंपनी को घरेलू बाजार में इक्रा (ICRA), केयर (CARE) और इंडिया रेटिंग से एएए (AAA) की उच्चतम घरेलू क्रेडिट रेटिंग की फिर से पुष्टि की गई है।

आपकी कंपनी भारत के गैस संचरण नेटवर्क का 70% से अधिक का स्वामी है, जो लगभग 12,426 किमी प्राकृतिक गैस ट्रंक पाइपलाइन का प्रचालन करती है। प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन खंड में पिछले वर्ष की तुलना में सकल राजस्व में 4.5% की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2019-20 में 108 .37 एमएमएससीएमडी (MMSCMD) का परिवहन किया गया है। आपकी कंपनी समावेशी विकास के साथ भारत सरकार के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विज़न के अनुरूप है। संपूर्ण भारत में प्राकृतिक गैस का एक्सेस उपलब्ध कराने के लिए आपकी कंपनी विभिन्न भागों में लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन परियोजनाओं का प्रचालन कर रही है। जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (JHBDPL) के रूप में विख्यात प्रधान मंत्री उर्जा गंगा पाइपलाइन हेतु पाइपलाइन बिछाने की गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है जो 6 राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल

और असम से होकर गुजरेगी । आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष जेएचबीडीपीएल (JHBDPL) के 165 किमी गोरखपुर स्परलाइन के खंड और केकेएमबीपीएल ( KKMBPL) पाइपलाइन के 350 किमी खंड को प्रारम्भ किया है। अन्य विभिन्न पाइपलाइन खंडों का निर्माण कार्य निर्धारित समय में चरणबद्ध तरीके से प्रगत्यधीन है। उपर्युक्त प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का निर्माण राष्ट्रीय गैस ग्रिड बनाकर देश के विभिन्न भागों में स्वच्छ जीवाश्म ईंधन तथा प्राकृतिक गैस का एक्सेस उपलब्ध कराने के लिए आपकी कंपनी की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करता है।

वर्ष 2019-20 में, आपकी कंपनी को धामरा से हल्दिया तक एक नई पाइपलाइन के द्वारा जेएचबीडीपीएल नेटवर्क के क्षमता विस्तार के लिए और जेएचबीडीपीएल के धामरा-पारादीप सेक्शन का आकार बदलने पीएनजीआरबी अनुमोदन प्राप्त हुआ। आपकी कंपनी ने मुंबई-नागपुर-झारसुगुडा पाइपलाइन के लिए भी पीएनजीआरबी से अनुमोदन प्राप्त किया है, जबकि श्रीकाकुलम-अंगुल पाइपलाइन के 690 किमी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। अपने ग्राहकों को सहज और पारदर्शी पाइपलाइन का एक्सेस प्रदान करने के लिए, आपकी कंपनी ने वर्ष 2018 में 24x7 ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान पोर्टल के माध्यम से लगभग 1800 क्षमता ट्रेंच (सीटी) अनुरोधों को प्रोसेस किया गया है, जबकि ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च होने के बाद से 31 मार्च 2020 तक प्रोसेस किया गया कुल सीटी मांग लगभग 3000 है। बाजार विकास की दिशा में एक लक्ष्य के साथ, आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2019-20 में 13 एमएमएससीएमडी गैस की आपूर्ति वाले ग्राहकों के साथ-साथ नई पाइपलाइनों के लिए गठबंधन किया है। जेएचबीडीपीएल और केकेएमबीपीएल, एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है।

वित्त वर्ष 2019-20 में 59,955 करोड़ रूपये सकल आय के साथ प्राकृतिक गैस ट्रेडिंग आपकी कंपनी का एक मुख्य व्यवसाय है। भारत में 74 एलएनजी कार्गो का आयात कर आपकी कंपनी के एलएनजी आयात में नई ऊंचाई को प्राप्त किया है। देश की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए लगभग एलएनजी की 4.8 एमएमटी मात्रा को बढ़ाया गया है । भारत में एलएनजी उपभोग की उल्लेखनीय इच्छा को निर्दिष्ट करते हुए एलएनजी का आयात कुल गैस क्षेत्र की वृद्धि दर 2.7% की तुलना में 7.4% वर्ष दर वर्ष वृद्धि पर है। कोंकण एलएनजी लिमिटेड

(केएलएल) आपकी कंपनी की सहायक कंपनी बन गई है जो एलएनजी कारोबार में एलएनजी के सोर्सिंग, री-गैसिफिकेशन और ट्रेडिंग के मामले में बेहतर प्रचालन सुविधा प्रदान करेगी।

एलएनजी ट्रांसमिशन सेगमेंट में, जामनगर- लोनी और विजाग-सिकंदराबाद पाइपलाइन नेटवर्क ने वर्ष के दौरान 3.91 एमएमटीपीए की उपलब्धि हासिल की। पेट्रोकेमिकल्स में 1 एमएमटीपीए से अधिक के मार्केटिंग पोर्टफोलियो के साथ आपकी कंपनी ने घरेलू पॉलीथीन बाजार में अपनी बाजार हिस्सेदारी सफलतापूर्वक बनाए रखी और उल्लेखनीय भूमिका अदा की । वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने सबसे अधिक 788 केटीए पॉलीमर का उत्पादन किया जो कि पूर्ववर्ती वर्ष से 5% की वृद्धि है । आपकी कंपनी के देश में चार स्थानों पर पांच एलपीजी प्लांट हैं जिनकी उत्पादन क्षमता 1. 4 मिलियन मीट्रिक टन है जिनमें कुल तरल हाइड्रोकार्बन उत्पादन लगभग 1.26 मिलियन मीट्रिक टन रहा जिसमें से लगभग 90% एलपीजी और प्रोपेन का अंश है। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, तरल हाइड्रोकार्बन खंड में सकल राजस्व में 2% की वृद्धि हुई है। ई एंड पी सेगमेंट में, म्यांमार और भारत में 4 उत्पादक ब्लॉकों से हाइड्रोकार्बन की बिक्री से राजस्व उत्पन्न हो रहा है। ई एंड पी में, वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2018-19 में 639 करोड़ रुपये के मुकाबले 968 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न किया है।

सीजीडी के अंतर्गत आपकी कंपनी की उपस्थिति प्रत्यक्ष और सहयोगी कंपनियों के माध्यम से अधिकांश प्रमुख महानगरों और राज्य की राजधानियों में है और यह पीएनजीआरबी की 9वीं और 10वीं सीजीडी बोली के दौर में भाग ले चुकी है। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने अपनी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के साथ लगभग 9.52 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शन हासिल किए हैं और 311 सीएनजी स्टेशनों पर प्रचालन शुरू किया है , जो अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है ।

**नवाचार का समर्थन :**

आपकी कंपनी तलचर में अग्रणी कोयला गैसीकरण परियोजना का एक हिस्सा है जिसमें देश के प्रचुर मात्रा में कोयला भंडार को प्राकृतिक गैस में परिवर्तित करने की बहुत अधिक संभावना है। पेट्रोकेमिकल्स में, वर्ष 2019 में भारत में मेटालोसिन ग्रेड पॉलीमर की प्रथम निर्माता बनकर इतिहास बनाने के बाद आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान लगभग 12,800 मीट्रिक टन मेटालोसिन ग्रेड पॉलीमर का सफलतापूर्वक उत्पादन किया है।

हमारे निरंतर पक्ष समर्थन प्रयासों के रूप में आपकी कंपनी - संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ "अन्योन्याश्रय" पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वैश्विक अभियान को संरक्षण दिया है ।

मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सस्ते परिवहन ( एसएटीएटी ) पहल के प्रति सतत विकल्प के एक भाग के रूप में, हमारी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गेल गैस सक्रिय रूप से कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों के साथ कार्यरत है ।

आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान 22 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता के साथ 9 स्टार्ट-अप के लिए निवेश करारों पर हस्ताक्षर किए हैं । अब तक कुल 46 करोड़ रुपए की प्रतिबद्धता के साथ 24 स्टार्ट-अप के लिए समर्थन किया गया और 35 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

**मजबूती के लिए अग्रसर:**

महामारी के कारण विपरीत परिस्थितियों ने हमारे प्रदर्शन में कुछ नकारात्मक घटकों का योगदान दिया है। देश व्यापी बंद के कारण व्यापारिक गतिविधियां में मंद हो गईं। आर्थिक गतिविधियों को पुन: प्रारंभ करने के लिए भारत सरकार द्वारा अपनाए गए लॉकडाउन और अन्य उपायों में श्रेणीवार छूट के साथ आपकी कंपनी का प्रचालन काफी हद तक सामान्य हो गया है। आपकी कंपनी प्रमुख क्षेत्रों जैसे कि पॉवर, उर्वरक, पीएनजी, मोबिलिटी और अन्य प्रमुख

उद्योगों में प्राकृतिक गैस की आवश्यक आपूर्ति बनाए रखने में अग्रणी रही । कोविड-19 अनलॉक प्रावधानों के तुरंत बाद, सरकार के कोविड दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हुए गेल की पाइपलाइन परियोजनाओं पर निर्माण कार्य पुन: प्रारंभ हो गया है और जेएचबीडीपीएल, केकेएमबीपीएल और वीएपीएल साइटों पर कार्य आरंभ हो गया है। अधिकांश शहरों में सीजीडी गतिविधियों को भी क्रमिक तरीके से शुरू किया गया है। आपकी कंपनी के अधिकांश प्रचालन अब सामान्य हो गए हैं, तथापि, विभिन्न राज्यों/क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति और प्रतिबंध के कारण प्रचालन सीमित हैं और अभी कोविड-पूर्व स्तरों को पूरी तरह से प्राप्त नहीं किया जा सकता ।

वित्त वर्ष 2019-20 के लिए, आपकी कंपनी के वास्तविक और वित्तीय प्रदर्शन पर कोविड-19 का थोड़ा-सा प्रभाव पड़ा है । तथापि, अग्रसर होते हुए यह महामारी निवारक उपायों के साथ आपकी कंपनी के कार्यनिष्पादन को बाधित करते हुए उत्प्रेरक का कार्य किया है । हालांकि, आपकी कंपनी मजबूत रहने का संकल्प लिया है और देश में भावी गैस बाजार विकसित करने की दिशा में व्यापारिक बाध्यताओं का निष्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है । मुझे विश्वास है कि आपकी कंपनी इन कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए एक मजबूत और अधिक दृढ़ कंपनी के रूप में उभरेगी।

**पारदर्शिता और नियंत्रण**

आपकी कंपनी नैतिक नियंत्रण प्रथाओं के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन कर रही है। मुझे आपके साथ साझा करने में गर्व हो रहा है कि गेल को 11 वर्षों के अनुक्रम में वित्त वर्ष 2019-20 के लिए भी सीएजी से 'शून्य' टिप्पणी प्राप्त हुई है।

आंतरिक प्रक्रिया और प्रणालियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए, कंपनी के प्रचालन वातावरण में विभिन्न जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और मात्रा में सहायता करने के लिए निगमित स्तर पर जोखिम संचालन समिति और जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। ये समितियां जोखिम प्रबंधन नीति के अंतर्गत शमन उपायों को भी विकसित करती

हैं। लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड को जोखिमों के प्रभाव और आवधिक आधार पर उनके शमन के उपायों के बारे में अवगत कराया जाता है।

आपकी कंपनी विश्वास, अखंडता और उत्तरदायित्व के आधार पर हितधारकों के साथ संबंध बनाए रखने में सक्रिय है और मुझे खुशी है कि आपकी कंपनी प्रतिष्ठित FTSE4Good सूचकांक श्रृंखला के अनुक्रम में चौथी बार शामिल है जो तेल और गैस क्षेत्र में पर्यावरणीय, सामाजिक और नियंत्रण (ईएसजी) प्रथाओं के प्रति कंपनी की सुदृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

आपकी कंपनी स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या को छोड़कर निगमित नियंत्रण की आवश्यकताओं के अनुसार निगमित नियंत्रण पर यथा स्थापित सेबी विनियमों और डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है जिसके लिए हम नियमित रूप से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ कार्यरत हैं।

**भावी मार्ग**

गत वर्ष, हमने प्राथमिकता वाले व्यावसायिक पहलों की पहचान करते हुए एक संशोधित रणनीतिक योजना अपनाई है और नए विज़न और मिशन स्टेटमेंट के साथ अपने उद्देश्य की समीक्षा की है। यह रणनीतिक योजना कार्मिकों की उच्च आकांक्षा को पूरा करते हुए भौगोलिक विस्तार के साथ विकास हेतु नए क्षेत्रों सहित बदलते उद्योग परिदृश्य में हमारी चुनौतियों का सामना करने में सहायता करेगी। यद्यपि गैस हमारा कोर खंड बना रहेगा, हम अन्य क्षेत्रों जैसे कि पेट्रोकेमिकल्स, विशेष केमिकल्स, नवीकरणीय, जल आदि में अपने एमब्रेस्ड मिशन और विज़न के साथ मार्गदर्शक सिद्धांतों और रणनीतिक पहलों के रूप में यथा चुने गए मार्ग से विकास की तलाश करेंगे। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में गेल नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

मैं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड, केंद्र और राज्य सरकारों के सभी विभागों, हमारे मूल्यवान ग्राहकों, स्टेकधारकों, कर्मचारियों और अन्य एजेंसियों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जो आपकी कंपनी के विकास

के मार्ग प्रमुख रूप से सहायक हैं । मैं दशकों से गेल का समर्थन करने और कंपनी के प्रबंधन में विश्वास रखने  के लिए आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मुझे आने वाले वर्षों में आपके सतत और स्थायी  समर्थन की प्रतीक्षा  हूं क्योंकि हम एक साथ एक नई शुरुआत आरंभ करते हैं ।

देवियों और सज्जनों आप सभी का धन्यवाद।